Regarding need to provide compensation to farmers who suffered loss of crops caused by untimely rains in Wardha Parliamentary Constituency

श्री रामदास तडस (वर्धा): अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा के वर्धा एंव अमरावती में हुए बेमौसम बारिश के विषय पर माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि अधिक बारिश होने के कारण सभी फसल बर्बाद हो गई हैं एंव क़िसानो में दहशत व्याप्त है, असमय बारिश होने से कपास ,तुयर, गेहूं चना एंव विभिन्न सब्जियों का भारी नुकसान हुआ है, जिस कारण किसानों में मातम है क्योकि कर्ज लेकर किसानों ने फसल लगाई थी, जो बर्बाद हो गई है, जिसका सर्वे केंद्रीय टीम से कराने की जरूरत है । अत: आपसे निवेदन है कि जल्द से जल्द केंद्रीय टीम भेज कर वर्धा एंव अमरावती जिले के किसानों को राहत दिलाने के लिए सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की कृपा करें जिससे कि किसानों को राहत मिल सके ।